<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण</u>

<u>प्रैस विज्ञप्ति</u>

आईएटीए के साथ विमानपत्तन प्रचालन हेतु ई-लर्निंग कार्यक्रम के विकास में योगदान हेतु आईएटीए द्वारा भाविप्रा कर्मचारियों का सम्मान

नई दिल्ली,21.06.2016- भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ओफिसर्स इंस्टीट्यूट में एक शानदार समारोह में श्री मनफ्रेड बलोनडील,निदेशक, ई एंड एफ सेवाएं, आईएटीए, जेनेवा ने आईएटीए की ओर से श्री एस.के.सिघंल, संयुक्त महाप्रबंधक एवं ओएसडी,अध्यक्ष, भाविप्रा, श्री चंद्र शेखर, आईएपी, एजीएम-व्यापार विकास तथा सुश्री नन्दिता भट्ट, आईएपी, डीजीएम – पाठ्यक्रम विकास, भारतीय विमानन संस्थान को विमानपत्तन प्रचालन पर ई-लर्निंग मॉड्यूल की संकल्पना एवं विकास में उनके योगदान हेतु मान्यता पत्र दिया ।

इस अवसर पर बोलते हुए, कार्यवाहक अध्यक्ष एवं सदस्य (वित्त) भाविप्रा, श्री एस. सुरेश ने विमानपत्तन प्रचालन पर एक प्रभावी ई-लर्निंग टूल तैयार करने में भाविप्रा कर्मचारियों के मूल्यवान योगदान की सराहना की एवं क्षमता निर्माण में पहलों को और बढाने में भाविप्रा की प्रतिबद्धता जाहिर की ।

श्री अनुज अग्रवाल,सदस्य (मानव संसाधन) ने सभी कर्मचारियों को नियमित प्रशिक्षण देने हेतु अपनी दूरदर्शिता के बारे में बताया एवं कहा कि हवाई अड्डा प्रचालन पर ई-लर्निंग पर 2500 कर्मचारियों को प्रशिक्षण में भाविप्रा-एआईटीए का सहयोग देशभर में दूरस्थ स्थानों में तैनात सभी कर्मचारियों हेतु सहायक होगा । उन्होने यह भी बताया कि सेवा एवं उत्पादकता की गुणवत्ता बढाने में प्रशिक्षण एक प्रभावी तंत्र होता है।

……

जनसंपर्क निदेशालय द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें -

मप्र जनसंपर्क 011- 24622787,9811521881

सं.17/2016-17

ning program
duction to Airport Operations
IATA